TV उत्तरशक्ति NEWS

मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 265
बुधवार, 16 अप्रैल 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, जिस हॉस्पिटल से बच्चा चोरी हो, उसका लाइसेंस रद्द करो, जारी की गाइडलाइंस



**नई दिल्ली, 15 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मामलों पर एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जिस अस्पताल से बच्चा चुराया जाता है उसका लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि इस फैसले का सख्ती से पालन किया जाए। बता दें कि वाराणसी और आसपास के अस्पतालों से बच्चों की चोरी के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2024 में आरोपियों को जमानत दे दी थी, अब सुप्रीम कोर्ट ने इस जमानत को रद्द कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक देशव्यापी गिरोह था और इनके चुराए हुए बच्चे पश्चिम बंगाल, झारखंड और राजस्थान तक से मिले हैं। कोर्ट ने आरोपियों को समाज के लिए खतरा बताया है। इसी के साथ कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को भी इस मामले में देरी करने के लिए फटकार लगाई है। राज्य सरकारों के लिए जारी की गाइडलाइंस- सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे बच्चा तस्करी रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएं। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर किसी अस्पताल से बच्चा चोरी होता है, तो सरकार को तुरंत उस अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए।

माता-पिता रहें सावधान- सुप्रीम कोर्ट ने सभी माता-पिता को सलाह दी है कि वे अस्पताल में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। बच्चा खरीदना भी अपराध- कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर कोई निसंतान दंपत्ति चोरी किए हुए बच्चे को खरीदते हैं, तो यह भी अपराध है। कोर्ट ने ऐसे लोगों की भी जमानत रद्द कर दी है।

## पीएम मोदी ने बंगाली नव वर्ष की लोगों को दी बधाई



**नई दिल्ली, 15 अप्रैल।** पोहेला बोइशाख, या पोइला बोइशाख - बड़े पैमाने पर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में मनाया जाता है, जो बंगाली कैलेंडर में पहला महीना है, यही कारण है कि इसे बंगाली नव वर्ष के रूप में भी जाना जाता है। वहां के लोग खुशी और आनंद का त्योहार धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन लोग शुभो नोबो बोरशो कहकर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं, जहाँ शुभो का अर्थ है खुशी, नोबो का अर्थ है नया और बरशो का अर्थ है साल।

एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, ''पोइला बोइशाख पर शुभकामनाएं!'' पीएम मोदी ने कहा मुझे आशा है कि इस वर्ष आपकी सभी इच्छाएँ पूरी होंगी। मैं सभी की सफलता, सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। शुभो नबो बरशो !'पोइला बोइशाख' दुनिया भर के बंगालियों द्वारा मनाया जाता है, भले ही भौगोलिक स्थिति कुछ भी हो, लेकिन इस अवसर का बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम सहित भारत के बंगाली भाषी क्षेत्रों में बंगालियों के लिए विशेष महत्व है। पोइला बोइशाख नवीनीकरण, खुशी और सांस्कृतिक गौरव का दिन है। यह धार्मिक या क्षेत्रीय मतभेदों की परवाह किए बिना समुदायों को एक साथ लाता है और बंगाली लोगों की साझा विरासत का जश्न मनाता है।पोइला शब्द का अर्थ है पहला और बोइशाख बंगाली कैलेंडर में पहले महीने का नाम है - इसलिए, पोइला बोइशाख का शाब्दिक अर्थ है बोइशाख का पहला। पश्चिम बंगाल में, यह कला, संगीत, भोजन और व्यावसायिक परंपराओं के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। पोइला बोइशाख बंगाली कैलेंडर वर्ष की शुरूआत का प्रतीक है और इसे भारत और विदेशों के विभिन्न हिस्सों में बंगाली समुदाय द्वारा मनाया जाता है।

'पोलिया' शब्द का अर्थ है पहला, और 'बोइशाख' चंद्र-सौर बंगाली कैलेंडर का पहला महीना है। आज, समुदाय वर्ष 1432 की शुरूआत का जश्न मनाता है। बंगाली सकब्दी के अनुसार, वर्ष का पहला दिन सबसे शुभ माना जाता है।

## अयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटीं एजेंसियां



**अयोध्या, 15 अप्रैल।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की देखरेख कर रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया। अधिकारियों ने एक एफआईआर दर्ज की है और गुमनाम धमकी के मामले की जांच शुरू कर दी है, जिससे मंदिर परिसर और उसके कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं। इसको लेकर मंदिर और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी चंदौली समेत कई अन्य जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा मेल आया है। इन सभी ई-मेल्स की साइबर सेल जांच कर रही है। इससे पहले अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में सुबह कलश पूजन किया गया और मंदिर के मुख्य शीर्ष पर कलश स्थापित किया गया। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने संकेत दिया कि राम मंदिर का निर्माण छह महीने में और करीब चार किलोमीटर की सुरक्षा दीवार बनाने का काम 18 महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड राम मंदिर के लिए सुरक्षा दीवार का निर्माण करेगी। दीवार की ऊंचाई, मोटाई, डिजाइन आदि के संबंध में निर्णय ले लिया गया है और मिट्टी की जांच के बाद निर्माण शुरू होगा। मिश्रा ने बताया कि यात्री सुविधा केंद्र का निर्माण राम मंदिर परिसर के भीतर 10 एकड़ में किया जाएगा और वहां भंडारण के लिए 62 काउंटर होंगे। उन्होंने बताया कि सप्त मंडल मंदिरों की सभी प्रतिमाएं रविवार को अयोध्या पहुंच गईं। इनमें से प्रत्येक को उनके स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। ये प्रतिमाएं जयपुर से लाई गई हैं।

## मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में तेजी से हुई है प्रगतिः अमित शाह



**नई दिल्ली, 15 अप्रैल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हाल ही में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में स्पष्ट संकेत दिया कि मध्य प्रदेश में कृषि, पशुपालन और सहकारिता तीनों क्षेत्रों में बहुत संभावनाएँ हैं। सहकारिता के योद्धा शाह ने यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है।

इस मौके पर एनडीडीबी और एमपीसीडीएफ ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, जिससे दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी आएगी। लंबे समय से सहकारिता से जुड़े शाह ने किसानों को आश्वस्त किया कि सहकारी दुग्ध समितियों से प्रोसेसिंग क्षमता में बढ़ोतरी होगी और किसान समृद्ध होंगे।

पैक्स को पुनर्जीवित करने, डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने, उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग, शहरी सहकारी बैंकों, जिला सहकारी बैंकों और ग्रामीण बैंकों के सुचारू प्रबंधन के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। पहले पैक्स केवल अल्पावधि कृषि ऋण उपलब्ध कराते थे, लेकिन आज पैक्स 20 से अधिक प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे पैक्स की आय में भी वृद्धि भी हो रही है। कंप्यूटरीकृत पैक्स भारत की 13 भाषाओं में काम कर रही हैं। गरीब और किसान कल्याण की दिशा में युद्धस्तर पर काम करने वाले शाह के मार्गदर्शन में 3 नई सहकारी समितियों सहित सहकारिता क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना भी की गई है।

भारत में सहकारिता आंदोलन लगभग 115 साल पुराना है और इस आंदोलन ने देश को अमूल, कृभको, और इफ्को जैसे महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठान दिए हैं, जो आज लाखों लोगों को रोजगार दे रहे हैं। आजाद भारत में पूर्व की किसी भी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिया और न ही देश की संसद में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर इस मामले में चर्चा की गई। 75 वर्षों में सहकारी समितियों और सहकारिता आंदोलन को जर्जर बनाने की पूरी कोशिश की गई। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में देश भर में सहकारिता आंदोलन के नए युग की शुरूआत करने की मुहिम पर तेजी से काम चल रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ सहकारिता आंदोलन को मजबूत आधार देने के लिए मोदी जी ने अलग से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया और उसकी कमान सहकारिता के योद्धा अमित शाह के हाथों में सौंप दी। आज मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता आंदोलन जीवंत हो चुका है। सहकारिता मंत्री बनने के बाद शाह ने अपनी रणनीतियों के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन करने का काम किया है। मोदी जी की अगुआई और अमित शाह की नीतियों के तहत सहकारिता मंत्रालय ह्यसहकार से समृद्धिह्ण के विजन को साकार करने और करोड़ों किसानों को समृद्ध बनाने के प्रति कटिबद्ध है।

## दिल्ली में कांग्रेस और राजद की बड़ी बैठक



**नई दिल्ली, 15 अप्रैल।** दिल्ली में बिहार चुनाव से पहले राजद और कांग्रेस के बीच बड़ी बैठक हुई। राजद नेता तेजस्वी यादव और मनोज झा ने लोकसभा नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने बैठक की और सकारात्मक चर्चा हुई। हम 17 अप्रैल को पटना में फिर मिलेंगे। हम पूरी तरह तैयार हैं और हम बिहार को आगे ले जाना चाहते हैं। राज्य में एनडीए सरकार के 20 साल बाद भी बिहार सबसे गरीब राज्य है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम चर्चा करेंगे और सर्वसम्मति से सीएम का चेहरा तय करेंगे। 'नीतीश जी तो हाईजैक हो चुके हैं'। एनडीए इस बार बिहार में सरकार नहीं बना रहा है। 20 अप्रैल को कांग्रेस अध्यक्ष बिहार के बक्सर में मतदाताओं को लुभाने के लिए एक जनसभा करेंगे। उम्मीद है कि कांग्रेस अध्यक्ष के साथ मंच पर राजद के नेता भी होंगे, ताकि भारतीय जनता पार्टी की एकता और ताकत का प्रदर्शन किया जा सके। इस बार, कांग्रेस ने युवा नेता कन्हैया कुमार को जिम्मेदारी दी है, जो अपनी 'नौकरी दो' रैली के जरिए पलायन और बेरोजगारी के मुद्दे को उठाते रहे हैं।

कांग्रेस कार्यकताओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी रैली में हिस्सा लिया था। इससे पहले 30 मार्च को बिहार में पार्टी के लिए चुनावी बिगुल बजाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर 1990-2005 के बीच जंगल राज और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। 30 मार्च को अपनी बैठक के बाद से शाह चुनाव की तैयारी के लिए महीने में दो दिन बिहार में बिताने जा रहे हैं। राज्य में चुनाव अक्टूबर-नवंबर के बीच होने की उम्मीद है, हालांकि अभी तक चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की गई है।




## कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया को बड़ा झटका

**कर्नाटक।** जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में अपनी जांच जारी रखने का आदेश दिया। अदालत ने लोकायुक्त पुलिस द्वारा प्रस्तुत 'बी रिपोर्ट' पर अपना निर्णय स्थगित कर दिया, जिसमें सिद्धारमैया को किसी भी गलत काम से मुक्त कर दिया गया था। इसने पुलिस को निर्देश दिया कि कोई भी निर्णय लेने से पहले एक व्यापक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बी रिपोर्ट को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने चुनौती दी थी, जिन्होंने क्लीन चिट पर सवाल उठाए और अदालत से इसे खारिज करने का आग्रह किया। अदालत ने सोमवार के लिए अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, लेकिन जांच अभी भी अधूरी होने के कारण मामले की सुनवाई अब 7 मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है।






## भिवंडी ओलंपिक 2025 खेल प्रतियोगिता में भिवंडी कराटे एसोसिएशन के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का दिखाया दम



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के स्व. परशुराम टावरे स्टेडियम में दस द्विसीय चलने वाले भिवंडी ओलंपिक 2025 में भिवंडी कराटे एसोसिएशन के नेतृत्व में भिवंडी के स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अनेकों मेडल हासिल करने में कामयाबी हासिल किये। बताते चलें कि भिवंडी के इतिहास में पहली बार खेलों के महाकुंभ का आयोजन भिवंडी पश्चिम विधानसभा के विधायक महेश चौगुले के अगुवाई में पायनियर स्पोर्ट्स क्लब, उस्मानिया स्पोर्ट्स क्लब, मीत स्पोर्ट्स क्लब आदि के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गया। इस खेल महाकुंभ में क्रिकेट, भाला फेक, चेस, तैराकी, कुश्ती, कराटे, दौड, वेट लिफ्टिंग, कबड्डी, नृत्य, खो खो, बैडमिंटन आदि 25 खेलों को समाहित किया गया है। वहीं भिवंडी कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष 5थ डन ब्लैकबेल्ट सलीम खान के नेतृत्व में भिवंडी के सभी स्कूलों के सैकड़ों कराटे खिलाड़ी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुये अनेकों मेडल जीतने में कामयाब हुये। इस कराटे प्रतियोगिता में मास्टर सलीम खान के साथ 4थ डन ब्लैकबेल्ट मास्टर अकबर अली, मास्टर हारुन सर, लक्ष्य स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन की 3डन ब्लैकबेल्ट भूमि बेरीवार, 3ड डन ब्लैकबेल्ट माधव बेरीवार, ब्लैकबेल्टधारी लक्ष्य बेरीवार, ब्लैकबेल्ट धारी अर्चिता सागर गायकवाड, डायनेमिक मार्शल आर्ट कराटे क्लब के 3ड बलेकबेल्ट सुनेश सुदाम पाटिल, जाधव मार्शल आर्ट के 3ड ब्लैकबेल्ट सुरेश सनूर जाधव, 2ड डन ब्लैकबेल्ट लक्ष्मी गुप्ता, अश्विनी विश्वकर्मा, मास्टर राबी मोमिन, मास्टर वसीम काजी, 2ड डन ब्लैकबेल्ट सना खान, शुभम राठौड़, खुशी गुप्ता, पलक खान, सोनम शाही आदि कराटे मास्टर्स के कुशल मार्गदर्शन से बच्चों ने सफलता हासिल कर भिवंडी ओलंपिक 2025 के आयोजकों व भिवंडी कराटे एसोसिएशन को बधाई व शुभकामनाएँ दिये।

## भारत सोनवणे की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी कल्याण के सूचक नाका इलाके से जय भीम तरुण मित्र मंडल और भारत सोनवणे की ओर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सूचक नाका स्थित बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद मान्यवरों ने डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर अभिवादन किया। इस अवसर पर बाबासाहेब के अनुयायी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर शोभायात्रा में शामिल हुए और उत्साह के साथ जयंती मनाई। इस दौरान शिंदे गुट के पूर्व नगरसेवक नवीन गवली, एसीपी कल्याणजी घेटे, कोलसेवाड़ी थाने के सीनियर इंस्पेक्टर गणेश नायदे.समाज सेवक राजन दुबे, शाखाप्रमुख राजू उजगरे, सामाजिक कार्यकर्ता जमीर शेख, प्रवीण म्हात्रे, इस्माईल पठाण, भाजपा पदाधिकारी पांडुरंग भोसले, जय भीम तरुण मित्र मंडल के अध्यक्ष नारायण घोडके, उपाध्यक्ष अप्पासाहेब काले, सचिव बबन आठवले, हनीफ शेख समेत कई मान्यवर उपस्थित थे।

## सैमसंग के एआई-पावर्ड बिग स्क्रीन टीवी के साथ इस आईपीएल सीजन में हर सिक्स और विकेट का अनुभव होगा और भी शानदार

**मुंबई/पटना।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने बिग लीग, बिगर स्क्रीन कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन में बड़ी स्क्रीन वाले प्रीमियम एआई टीवी, जैसे नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K, ओएलईडी और क्रिस्टल 4K, यूएचडी टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए गए हैं। यह कैंपेन क्रिकेट देखने के अनुभव को बेहतर बनाएगा और स्टेडियम जैसा रोमांच देगा। 1 से 30 अप्रैल 2025 तक चलने वाले इस कैंपेन में उपभोक्ता सैमसंग के अल्ट्रा-प्रीमियम टीवी पर एक्सक्लूसिव ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनके मैच देखने का मजा और शानदार हो जाएगा। इस ऑफर अवधि में सैमसंग टीवी खरीदने वाले ग्राहकों को खास लाभ मिलेंगे, जैसे 204,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी या 99,990 रुपये तक का साउंडबार, जो शानदार ऑडियो अनुभव देगा। साथ ही, 20% तक कैशबैक, बिना डाउन पेमेंट, और 2,990 से शुरू होने वाली आसान इर्एमआइ की सुविधा भी मिल रही है, जिसकी अवधि 30 महीने तक हो सकती है। सैमसंग के प्रीमियम बिग-स्क्रीन टीवी हर मैच को और रोमांचक बनाते हैं। इनमें आधुनिक एआई अपस्केलिंग, सटीक रंग और शानदार साउंड क्वालिटी है। डॉल्बी एटमॉस और द-सिम्फनी सिनेमा जैसा साउंड देते हैं। सैमसंग नॉक्स सिक्योरिटी स्मार्ट टीवी को सुरक्षित और आसान बनाता है। एआई और क्वॉन्टम मैट्रिक्स टेक्नोलॉजी से ये टीवी बेजोड़ कंट्रास्ट, साफ तस्वीरें और चमक देते हैं, और किसी भी लिविंग रूम को आपके पर्सनल स्टेडियम में बदल देते हैं। इस आकर्षक कैंपेन में, ग्राहकों को 43 इंच या उससे बड़े आकार के नियो क्यूएलईडी 8ङ, नियो क्यूएलईडी 4K, ओएलईडी और क्रिस्टल 4K, यूएचडी टीवी पर खास ऑफर्स मिलेंगे। बड़ा और बेहतर देखने का अनुभव पाने का यह सबसे अच्छा मौका है। इसके 256 अकनेटवर्क्स ओटीटी कंटेंट, वीडियो गेम्स और लाइव स्पोर्ट्स को 8ङ क्वॉलिटी में जीवंत बनाते हैं। मोशन एक्सेलेरेटर टर्बो प्रो हाई-स्पीड गेमिंग और एक्शन से भरपूर मनोरंजन के लिए शानदार विजुअल्स और स्पीड देता है। नियो क्यूएलईडी 4K, NQ4 एआई जेन2 प्रोसेसर के साथ, किसी भी कंटेंट को शानदार 4K, रिजॉल्यूशन में बदल देता है।

# भाजपा बोईसर मंडल द्वारा धूमधाम से मनाई गई डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता पार्टी बोईसर मंडल द्वारा भारत रत्न, संविधान निमार्ता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाई गई। यह भव्य कार्यक्रम भाजपा मंडल कार्यालय, बोईसर में आयोजित किया गया, जिसमें भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए उनके सतत प्रयास और भारतीय संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र भोने ने कहा कि ₹डॉ. आंबेडकर केवल एक वर्ग के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन, शिक्षा और समानता की दिशा में युवाओं को जागरूक करने वाला है। हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समरस समाज की दिशा में कार्य करना चाहिए।₹ इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रशांत संखे, जिला सचिव सत्यप्रकाश सिंह, मंडल सरचिटणीस मनीष सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष



अमित संखे, व्यापार मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सोलंकी, पदाधिकारी अंकुर राऊत, वरिष्ठ नेता संजय पाटील, वैशाली सादुलवाड, नितेश घरत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने की प्रतिज्ञा ली। वक्ताओं ने विशेष रूप से शिक्षा, संविधान और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर बाबा साहेब के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में युवाओं की भी बड़ी भागीदारी देखी गई, जो समाज के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसमें उपस्थित सभी जनों ने एक स्वर में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था भाजपा बोईसर मंडल के कार्यकताओं द्वारा कुशलतापूर्वक की गई थी।

## शिवसेना ठाकरे गुट का नाला सफाई अभियान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मानसून आने में दो महीने बाकी हैं और शहर के विभिन्न हिस्सों में छोटे-बड़े नालों और सीवरों की सफाई शुरू हो गई है। देखने में आया है कि अनेक जगहों पर छोटी नालियों में प्लास्टिक का अंबार लगा लगा रहता है। जिसकी साफ सफाई मनपा की ओर से की जाती है। जिससे कि बरसात के मौसम में पानी जमा जलजमाव न हो। वहीं घाटकोपर पश्चिम के इलाकों में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की ओर से विभाग प्रमुख सुरेश पाटिल के निर्देशानुसार शाखा प्रमुख संजय कदम की देखरेख में नाला सफाई अभियान की मुहिम शुरू की गई है। संपूर्ण वार्ड में विभिन्न स्थानों पर नालियों और सीवरों का निरीक्षण और सफाई की जा रही है। शिवसेना शाखा प्रमुख संजय कदम ने यह भी कहा कि शिवसेना नागरिकों से सीवरों और नालियों में कचरा न फेंकने की अपील कर रही है।

## जिला परिषद पालघर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती सोमवार 14 अप्रैल 2025 को जिला परिषद पालघर में श्रद्धा व आदर के साथ मनाई गई। समाज कल्याण निरीक्षक सूर्यमाला पिचड के करकमलों से डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला परिषद पालघर के कंप्यूटर विशेषज्ञ सतीश साबले, पंचायत समिति वसई के कनिष्ठ सहायक किशोर पाटील, तथा सामान्य प्रशासन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राहुल वडे ने भी उपस्थित रहकर डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आंबेडकर के विचारों की महत्ता को रेखांकित किया गया और उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक योगदान को याद किया गया। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामाजिक समता, बंधुता और न्याय के प्रति डॉ. आंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# चेंबूर में कलाकारों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चेंबूर में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आयोजित हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभा वान खिलाड़ियों और कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान हनुमान जयंती के अवसर पर भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और महाप्रसाद (भंडारा) वितरित किया।. हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित पंचमुखी हनुमान मंदिर, चेंबूर कैंप में चेंबूर के कट्टर हिंदुत्ववादी नेता जयप्रकाश बाबूलाल अग्रवाल उर्फ जेपी भाई के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की पूरी टीम, ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजेताओं और सामाजिक एवं राजनीतिक गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर 5वीं महाराष्ट्र राज्य ओपन




ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वर्ण पदक विजेताओं के साथ-साथ एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक खेल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं के साथ-साथ महाराष्ट्र सरकार के शिव छत्रपति राज्य क्रीड़ा पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को शिवसेना नेता और पूर्व सांसद राहुल शेवाले, विधायक तुकाराम काटे, विधायक डॉ. अनीता लोधी राजपूत डिबाई उत्तर प्रदेश और नवी मुंबई के उद्योगपति अनिल शुक्ला के द्वारा स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित तारक मेहता का उल्टा चश्मा की पूरी टीम शरद सांकला उर्फ अब्दुल भाई, बागा, बाका, बावरी को सम्मानित किया गया। आयोजक जयप्रकाश अग्रवाल उर्फ जेपी भाई के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक वि.एल .भारद्वाज, राष्ट्रीय बजरंग दल कोंकण प्रांत, ब्रिजेश सिंह, उमेश पांडे ने कड़ी मेहनत की। इसी तरह. मनोज गुप्ता, नरेश ठाकुर, विनोद यादव, मुन्ना सिंह भैया, अनिल गुप्ता, शिव बहादुर सिंह, सूरज पांडे, सिद्धेश सूर्यवंसी आदि राम भक्तों ने भी सहयोग किया। इस दौरान हनुमान जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाय: जयप्रकाश अग्रवाल

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के मुद्दे पर हो रहे विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना की पूरे देश में निंदा हो रही है। वहीं कट्टर हिंदू समर्थक और भारतीय जनता पार्टी ट्रांसपोर्ट सेल के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश बाबूलाल अग्रवाल ने कोलकाता के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसक वारदात की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए तृणमूल सरकार पर हमला बोला है। अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कुछ समय से हिंसा की वारदाते बढ़ती जा रही हैं ऐसे में वहां राष्ट्रपति शासन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बंगाल में प्रदर्शन हो रहा था ऐसा लग रहा था की वहां



कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। अग्रवाल के अनुसार मुर्शिदाबाद में केवल हत्या नहीं हुई, बल्कि डेढ़ दर्जन के करीब पुलिस वाले भी घायल हैं। यदि सुरक्षा व्यवस्था करने वालों पर ही हमले होते रहेंगे तो हमलावरों का मनोबल बढ़ जाएगा। हिंसक वारदात के लिए दोषी लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जयप्रकाश बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि वक्फ संशोधन अब दोनों सदनों से पास होने के बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद वह कानून बन गया। इस कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार लोगों को उकसाने का काम कर रही है। जिस तरह से घर में घुसकर पिता-पुत्र की हत्या हुई है, पुलिस मूक खड़ी थी। पुलिस पर भी हमला हुआ है। वहां कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। कोर्ट के आदेश पर केंद्र ने सुरक्षा दी है, वरना वहां लोगों का सुरक्षित रहना मुश्किल था। जयप्रकाश अग्रवाल ने अब वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

# रेलवे वरिष्ठ अधिकारियों से परेशान सीनियर सेक्शन इंजीनियर

## दिल्ली से लेकर मुंबई तक इंजीनियर का संघर्ष जारी

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण में एक रेल कर्मचारी अपने 18 महीने के बकाया वेतन के लिए लगभग तीन साल से संघर्ष कर रहा है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत विनोद धुरंधर का आरोप है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों ने झूठे कागजात के जरिए उन्हें ड्यूटी पर गैर हाजिर दिखाया। ड्यूटी पर मौजूद होते हुए भी 18 महीनों तक उनके नाम के आगे एब्सेंट लिखते रहे है। जिसके कारण रेलवे ने विनोद धुरंधर का 18 महीनों का वेतन रोक दिया, जो करीब 18 लाख रुपये होता है। इस मामले में विनोद ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ रेल प्रशासन से शिकायत की थी। विनोद का कहना है कि शिकायत



पीछे लेने की शर्त पर अधिकारियों ने उन्हें बकाया वेतन देना का आश्वासन दिया था, लेकिन यह आश्वासन झूठा साबित हुआ। बीते तीन साल से विनोद धुरंधर अपने हक के रुपयों के लिए रेलवे के आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे है, लेकिन इस मामले का उचित संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इस संबंध ने उन्होंने रेल प्रशासन से शिकायत कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विनोद का बच्चा कल्याण की रेलवे स्कूल में पढ़ता है। उनका आरोप है कि विनोद का गुस्सा उनके बेटे पर निकाला जा रहा है। स्कूल में उनके बेटे को प्रताड़ित किया जा रहा है।

# फेडएक्स ने सीएसके के साथ मिलकर नई डिजिटल फिल्म लॉन्च की

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** दुनिया की अग्रणी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) ने भारत में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ मिलकर अपनी नवीनतम डिजिटल फिल्म लॉन्च की है। इस फिल्म में सीएसके के तीन लोकप्रिय सितारे महेंद्र सिंह धोनी, रुतुराज गायकवाड़ और रविचंद्रन अश्विन दिखाई देते हैं।

ह्यद फेडएक्स फैक्टर- पॉवरिंग बोल्ड बिजनेस आइडियाज यह ब्रांड फिल्म भारत के उन जुझारू उद्यमियों को समर्पित है जो नई सोच, साहस और आत्मविश्वास के साथ परंपरा की सीमाओं को तोड़ते हैं। फिल्म में क्रिकेट की मैदान में खिलाड़ियों की संघर्षशीलता को व्यवसाय की दुनिया में उभरते स्टार्टअप्स और कारोबारियों की प्रतिबद्धता के साथ जोड़ा गया है। यह दिखाती है कि जैसे क्रिकेट में हर रन के पीछे एक रणनीति होती है, वैसे ही हर सफल व्यापारिक यात्रा के पीछे एक भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स पार्टनर की जरूरत होती है और यहां फेडएक्स उस यात्रा का एक सशक्त साथी बनता है।




फेडएक्स के वाइस प्रेसिडेंट झ्र मार्केटिंग, एयर नेटवर्क और कस्टमर एक्सपीरियंस (मिडिल ईस्ट, इंडियन सब-कॉन्टिनेंट और अफ्रीका) श्री नितिन नवनीत टाटीवाला ने इस अवसर पर कहा, सीएसके के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी हमें न सिर्फ देशभर के करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों से जोड़ती है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि हम उद्यमों को आगे बढ़ाने में कितने गंभीर हैं। जैसे क्रिकेट में जीत के लिए अनुशासन, रणनीति और जुनून चाहिए, वैसे ही बिजनेस की दुनिया में भी नवाचार को दिशा देने वाला मजबूत नेटवर्क जरूरी है। हर बेहतरीन विचार को एक मजबूत ढांचा चाहिए – और हमें गर्व है कि फेडएक्स इस दिशा का भरोसेमंद रास्ता बनता है।

सीएसके के आधिकारिक स्पॉन्सर के तौर पर फेडएक्स भारत में छोटे और मझोले कारोबारों के लिए एक मजबूत समर्थन प्रणाली के रूप में उभरा है। सीएसके की प्रतिष्ठित पीली जर्सी पर चमकता फेडएक्स का लोगो न सिर्फ सटीकता, भरोसे और उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है जो एक उद्यमी और क्रिकेट प्रेमी दोनों के लिए खास हैं।

इस साझेदारी के हिस्से के रूप में फेडएक्स ने मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में विशेष फेडएक्स-सीएसके को-ब्रांडेड डिलीवरी गाड़ियों को भी सड़कों पर उतारा है। ये गाड़ियाँ ब्रांड की गति, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता की झलक देती हैं। यह ब्रांड फिल्म पूरे भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया चैनलों पर रिलीज की जा रही है ताकि इसकी प्रेरणा क्रिकेट प्रेमियों, व्यवसायिक नेताओं और नवोदित उद्यमियों तक आसानी से पहुंचे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com







स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## मुर्शिदाबाद हिंसा

# वाराणसी में ममता बनर्जी का फूंका गया पुतला, सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

डॉ. एस.के. मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा के विरोध में वाराणसी में आक्रोश देखा जा रहा है। जिले के लमही के सुभाष मंदिर के सामने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंका गया इस दौरान राष्ट्रीय मुस्लिम महिला फाउंडेशन ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लमही के सुभाष मन्दिर के सामने ममता बनर्जी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने और गिरफ्तार करने की मांग भारत के प्रधानमंत्री से की। महिलाओं ने तख्ती लेकर प्रदर्शन किया, जिस पर लिखा था कि 'देश की जनता करे पुकार, हिन्दुओं को बचा लो सरकार। वक्फ बिल तो बहाना है देश का हिन्दू निशाना है, ममता बनर्जी को गिरफ्तार करो। विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव ने कहा कि पश्चिम बंगाल हिन्दुओं के लिए असुरक्षित हो गया है। किसी न किसी बहाने हिन्दुओं को खुलेआम मारा जा रहा है। उनको भगाकर उनकी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस पर तभी लगाम लगेगी जब ममता बनर्जी जैसी नेताओं को जेल भेजा जाएगा।राष्ट्रीय मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी ने कहा किपश्चिम बंगाल हिन्दुओं के मानवाधिकार हनन का केन्द्र बन गया है। हिन्दुओं की चीख पूरी दुनिया को सुनाई नहीं दे रही है।अब ऐसे नेताओं का पूर्ण बहिष्कार होना चाहिए। यह था मामला : पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ था। हिंसक प्रदर्शन के दौरान यहां तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं मामला गंभीर होता देख कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया था। हिंसा के दौरान अब तक 138 से ज्यादा उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया था।



# सार्वजनिक प्राथमिक विद्यालय में पहुंची जांच टीम, जलपान में ही व्यस्त रहे जांच अधिकारी

## विद्यालय का आरओ मशीन खराब शिकायत के बाद भी नही हुआ दुरुस्त

विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के पुरानी बाजार स्थित सार्वजनिक प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों की गुटबाजी अब जिला मुख्यालय तक पहुंच गई है मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल ने एक अध्यापक की शिकायत पर दो जांच अधिकारी नियुक्त कर उक्त विद्यालय में भेजा जिसमे करंजाकला खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवणकुमार, एवं सुइथाकला खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद सिंह शामिल थे। विद्यालय पहुंच कर दोनों घण्टो प्रधानाद्यापक के दफ्तर में घण्टों बैठ कर जलपान में ही ही व्यस्त रहे। घण्टों बाद जब दोनों अधिकारी रूम से बाहर निकले तो पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर दोनों अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। बताते चले की उक्त विद्यालय में अध्यापकों के बीच की गुटबाजी की खबरें कई बार सामने आचुकी हैं। प्रधानाद्यापक वीरेंद्र कुमार यादव के ऊपर स्थानीय सभासद और विद्यालय के शिक्षकाओं ने भी कई गम्भीर आरोप लगा चुके हैं। तो दूसरी तरफ प्रधानाद्यापक भी शिक्षिकाओं पर बच्चों के पढ़ाई में लापरवाही का आरोप लगा चुके है। अब देखना यह है की इस जांच कमेटी द्वारा अपने अधिकारी को क्या जांच रिपोर्ट सौंपते हैं। ये तो आने वाला वक्त बताएगा की सच्चाई क्या है।




वहीं जब इस सबन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक अध्यापक आये थे शिकायत करने जिसको संज्ञान लेकर जांच दल भेजा गया था। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्यवाई की जाएगी।

वहीं विद्यालय में निरीक्षण के दौरान पाया गया की विद्यालय परिसर में लगे दो आरओ मशीन काफी दिनों से खराब पड़ा है। एक शिक्षका ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की कई बार इसकी जानकारी जिम्मेदारों को दी गयी मगर कोई सुनवाई नही हुई। बच्चे टैंकी का पानी पीते है और उसी पानी मिडडे मील का खाना भी बनता है। एक कर्मचारी ने बताया की जिस टैंकी का पानी बच्चे पीते है वह काफी समय से उसकी सफाई भी नही है। एक तरह से देखा जाय तो यह बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

# कोतवाली पुलिस ने चेंकिग के दौरान पिस्टल, कारतूस व 150 ग्राम डायजापाम के साथ हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ।अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्दशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्र0नि0 मिथिलेश कुमार मिश्र व प्र0चौ0 राजकालेज उ0नि0 रामप्रकाश यादव मय हमराह भण्डारी रेलवे कालोनी के पास रोड पर चेकिंग मे मामूर थे कि एक व्यक्ति रसूलाबाद तिराहे की तरफ से भण्डारी स्टेशन की तरफ आता हुआ दिखाई दिया जैसे ही उसकी नजर पुलिस बल पर पड़ी व पीछे मुड़ कर तेज कदमों से भागना चाहा कि संदिग्ध व्यक्ति का संदेह होने पर पुलिस बल द्वारा उस व्यक्ति को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो अपना नाम भिन्नझभिन्न बताते हुए अन्त मे अपना नाम शहजादे पुत्र नजीर अहमद निवासी अबीरगढ़ टोला थाना कोतवाली, जौनपुर बताया, यह जानकर कि पकडा गया व्यक्ति कुख्यात अपराधी है नियमानुसार जामा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से एक पिस्टल .32 बोर मय मैगजीन के व 4 जिन्दा कारतूस .32 बोर व 150 ग्राम डायजापाम नशीला पाउडर बरामद हुआ, कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि यह नशीला पाउडर पुड़िया बनाकर बेचता हूं व बेचवाता हूं उससे प्राप्त धन से अपना जीवीकोपार्जन करता हूं। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-104/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0- 105/25 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष भेजा गया।



# किक बॉक्सिंग पदक विजेता खिलाड़ी पूजा का अध्यापकों ने किया भव्य स्वागत

◆ **पी.एस. पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा रह चुकी हैं पूजा पटेल**

डॉ. एस.के. मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के मेहंदीगंज स्थित पी एस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को चेयरमैन अमरनाथ पटेल की देखरेख में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान डायरेक्टर दिनेश पटेल ने थाईलैंड में आयोजित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 किलो भार में किक बॉक्सिंग में रजत पदक विजेता खिलाड़ी पूजा पटेल को माला पहनकर एवं अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर भब्य स्वागत कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। डायरेक्टर दिनेश पटेल ने बताया कि पूजा पटेल हमारे इस विद्यालय की पूर्व छात्रा भी रह चुकी है। इन्होंने क्षेत्र के साथ-साथ हमारे विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। जिसको लेकर हमारे स्कूल के सभी अध्यापक वी अध्यापिकाएं गर्वान्वित है। चेयरमैन अमरनाथ पटेल ने बताया कि पूजा पटेल ने थाईलैंड में 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित किंग बॉक्सिंग वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनके कोच गोपाल बहादुर शाही का भी स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रबंधक उत्तम पटेल, प्रिंसिपल कल्पना शर्मा रेखा पटेल, प्रियांशी श्रीवास्तव, अमृता जोशी, वंदना, अर्चना, आकांक्षा, दिनेश, आकाश, संदेश शुभम, अजीत आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।



# चौकियां माता धाम जाने वाले संपर्क मार्ग का होगा कायाकल्प, 2.17 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

शब्बीर हैदर

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। धर्मार्थ योजना के तहत लखनऊ-मांझीघाट मार्ग पर प्रसाद स्कूल से चौकियां माता धाम तक संपर्क मार्ग का कायाकल्प होने जा रहा है। इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने 2 करोड़ 17 लाख 78 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।सड़क बनने से हर दिन



**30,000+ यात्रियों को मिलेगी राहत**

सड़क की हालत लंबे समय से खराब होने के कारण बरसात के मौसम में राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जलभराव और फिसलन के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं। अब इस मार्ग के निर्माण से हर दिन इस रास्ते से गुजरने वाले 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण, गिरीश चंद्र यादव के प्रस्ताव पर शासन ने दो करोड़ 17 लाख 78 हजार जारी कर दिया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं।सड़क का सुदृढ़ीकरण व विकास कार्य जल्द होगा शुरू लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता राजेंद्र वर्मा ने बताया कि इस परियोजना के तहत 1.630 किलोमीटर लंबे मार्ग का सुदृढ़ीकरण व विकास कार्य जल्द ही कराया जाएगा। यह कार्य धर्मार्थ योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

# वाराणसी में क्यूआर कोड से पहचाने जाएंगे वैध और अवैध निर्माण, अफसरों को होगी सहूलियत

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के शहर में वैध और अवैध निर्माण की पहचान अब क्यूआर कोड से होगी। नोटिस के नीचे क्यूआर कोड अंकित किए जाएंगे। इससे जांच करने जाने वाले अधिकारियों को सहूलियत होगी। विकास प्राधिकरण की ओर से व्यावसायिक निर्माण कार्यस्थलों से इसकी शुरूआत की है। क्यूआर कोड के जरिये जांच के लिए जाने वाले अधिकारी आसानी से यह पता कर लेंगे कि निर्माण वैध है अथवा अवैध है। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निदेशार्नुसार नोटिस के नीचे क्यूआर कोड अंकित किया जाएगा। इससे निर्माणकताओं को भी सहूलियत होगी। साथ ही वीडीए के जांच अधिकारियों को भी जांच करने में सहूलियत होगी।




# बार और अधिकारियों के बीच गतिरोध समाप्त

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र और कलेक्ट्रेट



अधिवक्ता समिति जौनपुर के अध्यक्ष, महामंत्री, प्रतिष्ठित एवं विद्वान अधिवक्ताओं, अधिकारियों की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण ढंग से वादकारियों तथा त्वरित न्याय के दृष्टिगत वार्ता हुई। इस दौरान समस्त गतिरोधों को समाप्त करते हुए दोनो पक्षों के मध्य स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण संवाद हुआ जिसके पश्चात निर्णय लिया गया कि सभी न्यायालय पूर्व की भांति कार्य करेंगे तथा समय समय पर बैठक कर अन्य विषयों के समाधान हेतु कार्य करेंगे। कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष घनश्याम सिंह ने कहा कि बार और अधिकारियों के मध्य जो भी समस्याए और गतिरोध थे, उन्हे समाप्त कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी संतवीर सिंह, महामंत्री मनोज कुमार मिश्र, अधिवक्तागण राजेन्द्र प्रजापति, शिवशंकर यादव, रामजीत मौर्या, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, उदय प्रताप, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, हीरालाल गुप्ता, पूर्व महामंत्री आनन्द मिश्रा, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# सफल व्यक्ति का साथ ही सफलता की चाभीः बृजभूषण सिंह

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। यूपी स्टेट रायफल एसोशिएशन द्वारा आयोजित 24 वें प्री यू पी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता का समापन एक होटल में मंगलवार को समारोह पूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे। 12 से 15 अप्रैल तक चलने वाले चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 40 जिलों के लगभग 750 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समारोह की शुरूआत में मुख्य अतिथि बृज भूषण शरण सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व गृह राज्य मंत्री महाराष्ट्र कृपा शंकर सिंह यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्याम सिंह यादव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले रिवर व्यू होटल के मालिक डॉ के पी यादव को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। श्याम सिंह यादव ने कहा कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद पर रहते हुए बृजभूषण शरण सिंह के चारित्रिक हनन का भी कुछ लोगों द्वारा असफल प्रयास किया गया। लेकिन सोने की तरह तप कर अपने आपको बेदाग साबित किया। संसद मे अग्रणी भूमिका निभाने के साथ साथ उनकी व्यक्तिगत समस्याओं का निराकरण करके अपने क्षेत्र के दुलारे नेता के रूप में उभरे। पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। एक हमारे साथ हुए थे कुश्ती के खिलाड़ियों को साधन भी मुहैया कराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बृज भूषण शरण सिंह ने कहा जीवन के हर क्षेत्र में हमेशा साधारण परिवार के लोग ही इतिहास रचते हैं। कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। आज मैं कार्यक्रम में इसीलिए आया कि मुझे पता चला कि यह कार्यक्रम बच्चों का है। कहा कि जीवन में कभी भी असफल व्यक्ति के साथ मत बैठना। सफल व्यक्ति के साथ बैठोगे तो जीवन में बहुत कुछ मिलेगा। उन्होंने यू पी स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम सिंह यादव को शानदार आयोजन के लिए और विजेताओं को मेडल जीतने की बधाई भी दी।



# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने बहुत ही धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष विनय जायसवाल ने बताया कि भारत रत्न, संविधान निमार्ता, एवं हमारे देश के पहले कानून मंत्री डॉ.भीमराव अंबेडकर का संविधान बनाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। इसीलिए उनको संविधान निमार्ता कहा जाता है। उन्होंने समाज में पर्याप्त मात्रा में फैली असमानता, भेदभाव, छुआछूत जैसी गंभीर समस्या को जड़ से खत्म कर दिया और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एक समान अधिकार दिलाने का कार्य किया हैं प्रदेश सचिव ने यह बताया कि हमारे देश में हर एक व्यक्ति चाहे वह उच्च जाति का हो, चाहे वह निम्न जाति का हो, सबको एक समान अधिकार दिलाने का कार्य किया बाबा साहेब ने किया है। अब किसी भी प्रकार का समाज में भेदभाव नहीं है। सब एक दूसरे के साथ मिलजुल अपना जीवन व्यतीत करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष मरियाहू अलख निरंजन गौतम एवं उनकी पूरी टीम ने की इस अवसर पर राज जायसवाल, रितेश चंद्रेश जायसवाल, फिरोज खान, नीरज कुमार, अंकित मौर्य, संतोष शर्मा, मुकेश यादव, अनिल वर्मा, सनी कुमार, राजकमल मंगला, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, रितेश कुमार, शक्ति कुमार, हृदेश कुमार, आदर्श कुमार, प्रदीप कुमार, रिशु भास्कर, शशांक कुमार, सुमित कुमार, मनीष कुमार, इत्यादि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# अभियान के दौरान 21 वाहनों का हुआ चालान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध 01 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश के अनुपालन में 15 अप्रैल को जनपद जौनपुर में अवैध, अनधिकृत, बिना वैध प्रपत्र संचालन, अवयस्कों द्वारा संचालन आदि अभियोगों के प्रति परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्यवाही संपादित की गयी। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) वाराणसी मनोज कुमार वर्मा जी के नेतृत्व में जनपद में हौज टोल प्लाजा, सिपाह चौराहा, लाइन बाजार, शाही किला एवं ओलंदगंज आदि स्थानों पर प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। अभियान के अंतर्गत सायं 05 बजे तक 21 वाहनों का चालान किया गया एवं 05 वाहनों को थानों में बन्द किया गया एवं अन्य 85 ई-रिक्शा चालकों चेतावनी दी गयी। अवैध एवं अनधिकृत ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के प्रति अभियानात्मक कार्यवाही जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) वाराणसी के नेतृत्व में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिह, यातायात निरीक्षक के साथ प्रवर्तन कार्यवाही किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही में प्रमोद कुमार, यात्री/मालकर अधिकारी जौनपुर, सुशील मिश्रा, यातायात निरीक्षक एवं सुनील कुमार तिवारी, सहायक यातायात निरीक्षक एवं परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस के अन्य कार्मिक शामिल थे। ई-रिक्शा/ऑटो रिक्शा चालकों से अपील है कि वे वाहन के समस्त प्रपत्रों को अद्यतन करा लें। वाहन स्वामी किसी भी स्थिति में अवयस्कों को ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा चलाने की अनुमति न दें।



# आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने रोका लेखपाल और राजस्व निरीक्षक का वेतन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सचिव, उ०प्र० शासन, लोक शिकायत के निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के द्वारा 14 अप्रैल 2025 को आई०जी०आर०एस० पोर्टल पर अनुमोदन हेतु जिलाधिकारी के लागिन पर प्राप्त निस्तारण आख्या का परीक्षण किया गया।निरीक्षण में उन्होंने पाया कि जिलाधिकारी सन्दर्भ संख्या-20019425011714 श्रीमती सावित्री देवी, निवासी ग्राम कोदैला, तहसील मडियाहूँ, जौनपुर के शिकायती प्रार्थना पत्र पर संलग्न निस्तारण आख्या ह्णआ०नं०-345/0.94 हे० का उ०प्र०रा०सं० 2006 की धारा-116 के अन्तर्गत पक्षों का बटवारा हो चुका है। फाट मुताबिक पक्षों को मौके पर कब्जा पूर्व में ही दिलाया जा चुका है।ह्ल लेकिन फोन पर शिकतायकर्ता से वार्ता करने पर सावित्री देवी द्वारा बताया गया कि गलत एवं भ्रामक आख्या दी गयी है। मौके पर न तो लेखपाल आये थे और न ही कोई अधिकारी आये थे। इस बात की पुष्टि किये जाने हेतु लेखपाल को कई बार फोन लगाये जाने पर भी उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।उक्त निस्तारण आख्या पर राजेश कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक, तहसील मडियाहू, द्वारा वार्ता किये जाने का उल्लेख किया गया है साथ में जी०ओ० टैगिंग फोटोग्राफ संलग्न नहीं है तथा गवाह राम शिरोमणि के मोबाइल नम्बर द्वारा वार्ता किये जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि लेखपाल मौके पर नही आये थे, फोन करके उनकी आख्या को स्वीकार किये जाने हेतु कहा गया है।उपरोक्त से यह स्पष्ट हुआ कि तहसील मडियाहू में प्राप्त शिकायतों का सरसरी तौर पर ही निस्तारण कर दिया जा रहा है न तो कोई अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर जा रहे है और न ही मौके की फोटोग्राफ ही संलग्न की जा रही है, जबकि शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में पूर्व में स्पष्ट रूप से उपरोक्त निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ की उपरोक्त कर्मचारियों द्वारा उच्चाधिकारी तथा मा० मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त निदेर्शों की जान बूझकर अवहेलना की जा रही है, जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक है।

उक्त के क्रम में जिलाधिकारी ने लेखपाल अवधेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक, मडियाहूँ का एक दिन का वेतन बाधित करते हुए निर्देशित किया है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण उप जिलाधिकारी, मडियाहू के माध्यम से 03 दिवस के अन्दर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें और समय से स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध एक पक्षीय रूप से कार्यवाही कर दी जायेगी।

# सरिता पुर्नमतगणना में फिर निर्वाचित घोषित, विरोधी हुए चारों खाने चित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के के सिरकोनी वार्ड 54 की पुर्नमतगणना संपन्न, सरिता पुनः एक मत से विजयी घोषित की गयी। ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी कार्यालय में बनाये गये पुर्नमतगणना केन्द्र में मंगलवार को एडीजे प्रथम न्यायालय के निर्देश पर मतों की गिनती की गयी। जिसमें पूर्व में विजयी रही सरिता 228 मत पाकर पुनः एक वोट से विजयी रही। वहीं कोर्ट में याचिका दायर करने वाली उनकी प्रतिद्वन्दी नीतू सिंह को 227 मत मिले। इस दौरान ब्लाक परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। मतों की गिनती सुबह 10 बजे के बाद शुरू की गयी। और दोपहर के 12 बजकर 30 मिनट तक गिनती पूरी कर ली गयी। पुनर्मतगणना को सम्पन्न कराने में उपजिलाधिकारी सदर संतबीर सिंह प्रभारी अधिकारी मतगणना और जलालपुर बीडीओ को सहायक प्रभारी अधिकारी मतगणना बनाया गया था।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीओ केराकत सहित जलालपुर और जफराबाद थाने की भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। पुर्नमतगणना से संतुष्ट नही है नीतू सिंह के अभिभावक, जायेगें पुनः कोर्ट मतगणना केन्द्र पर मतों की रिकाउन्टिग करा रहे नीतू सिंह के श्वसुर कमला प्रसाद सिंह मतों की गिनती कराने पर लगे अधिकारियों की गिनती प्रणाली से असन्तुष्ट दिखे। उन्होने कहा कि कोर्ट का बाकायदा निर्देश है कि बूथ संख्या 20,21,22, में पड़े मतों की पूर्नमतगणना की जाये। लेकिन अधिकारियों द्वारा 22 बूथ संख्या में पड़ने वाले पेटी संख्या 7 तक की गणना की गयी। पेटी संख्या 8 की गणना नही की गयी। इसी बात को लेकर वह पूर्व में न्यायालय की शरण में गये थे। 44 महीना 80 तारीख, फिर भी मामला जस का तस जुलाई 2021 में वार्ड संख्या 54 कुद्दूपुर की रिकाउन्टिंग के लिये न्यायालय की शरण में गये नीतू सिंह के श्वसुर ने बताया कि फाइलों और अधिकारियों के तलब से लेकर आदेश तक कुल 44 माह का एक लम्बा समय बीत गया। इस दौरान कुल लगभग 80 तारीखें भी पड़ीं , लेकिन पुनः उसी प्रक्रिया से पुनर्मतगणना कराई गयी। मामला जो चार साल पहले था वही आज भी है।

## चंदौली के कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाने की मिली धमकी, अलर्ट पर जिला

चंदौलीउत्तरशक्ति)। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर को मंगलवार को मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक हल्के में खलबली मच गई। तत्काल कलेक्ट्रेट पहुंची बम स्क्वाड टीम सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने पूरे परिसर को खंगाल डाला।हालांकि कोई भी संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई। जिलाधिकारी कार्यालय के आधिकारिक ईमेल पर मंगलवार की सुबह एक धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ। इसमें साफ तौर पर कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई है। इस मेल के सामने आते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में खलबली मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अलर्ट जारी कर दिया गया। आनन-फानन में पुलिस फोर्स, बम स्क्वॉड और खुफिया एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। जिलाधिकारी कार्यालय के कोने-कोने की गहनता से जांच पड़ताल की गई, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई। धमकी ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही कि मेल महज शरारत है या किसी बड़ी साजिश की कड़ी। चंदौली ।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि तमिलनाडु के रहने वाले गोपाल स्वामी नामक व्यक्ति ने मेल के माध्यम से सूचित किया कि मंगलवार को कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाया जा सकता है। इस पर सतर्कता बरतते हुए पुलिस अधीक्षक की मदद से बम निरोधक दस्ता ने मौके पर पहुंचकर पूरे कलेक्ट्रेट परिसर की गहनता से जांच की। निखिल टीकाराम फुंडे, जिलाधिकारी ने बताया कि मेल करने वाले भाषा से लग रहा कि यह परेशान करने की नीयत से किया गया है। उसने तमिलनाडु के राजनीतिक मुद्दे को लेकर इस तरह के मेल करने की बात मेल में लिखी थी। बहरहाल कलेक्ट्रेट की गहनता से जांच कराई गई तो कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम हुआ




जौनपुर। जौनपुर के मछलीशहर क्षेत्र के अंतर्गत गोहका गांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री हनुमान मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जिले भर से तमाम संभ्रांत लोगों का आना जाना लगा रहा।सुबह से ही अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल हुए।यह कार्यक्रम पिछले 30 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है।कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक केराकत दिनेश चौधरी,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह, अंकुर पाठक,स्कंद पटेल, व्यवसाई आशीष शुक्ल, सोशल मीडिया प्रभारी स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज आशीष तिवारी,विनय तिवारी, संतोष मिश्र, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, साहब दुबे, ग्राम प्रधान सर्वेश शुक्ल, राजकुमार तिवारी, ध्रुव तिवारी, जेपी मिश्र, रत्नेश दुबे, पत्रकार जे एन ओझा सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेता इंद्रेश तिवारी संयोजक आशीष तिवारी ने सभी भक्तजनों का स्वागत,अभिनंदन किया।

## हसीना और बेटे पर कोर्ट का प्रहार, बांग्लादेश लौटे बिना ही गिरफ्तारी की तलवार

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को राजधानी के बाहरी इलाके में आवासीय भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं से संबंधित दो मामलों में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद और 16 अन्य के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश की अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के आरोपपत्रों को ध्यान में रखते हुए पूर्वाचल न्यू टाउन में भूखंड आवंटन में अनियमितताओं के दो मामलों में वारंट जारी किए हैं।" अभियोजन पक्ष के वकील के अनुसार, अधिकतर आरोपी सरकारी अधिकारी थे। अदालत ने पुलिस को आदेश दिया कि वह स्व-निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तो 29 अप्रैल को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अधिकारी ने बताया कि न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने ढाका और देश के अन्य भागों में एक दर्जन से अधिक थानों के प्रभारी अधिकारियों को संबंधित तिथि तक अपने आदेश के क्रियान्वयन पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

इसी अदालत ने इससे पहले हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक, रेहाना के बेटे रादवान मुजीब सिद्दीक और 48 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग कर कथित अवैध भूमि आवंटन के सिलसिले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पिछले साल पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक विद्रोह में हसीना की 16 साल पुरानी अवामी लीग सरकार अपदस्थ हो गई थी। तब से 77 वर्षीय हसीना भारत में रह रही हैं।

## 'इश्क का बीमा'! मिलेगा इतना पैसा कि हो जाएंगे मालामाल

पंजाब । हैल्थ, लाइफ और कार के बाद अब रिलेशनशिप बीमा भी शुरू हो गया है। सुनने में अजीब लगने वाले इस बीमे को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति 'रिलेशनशिप इंश्योरेंस पॉलिसी' बेच रहा है। वहीं इस पॉलिसी को लेकर लोग हैरान है। आपको बता दें कि ये बीमा पॉलिसी एक स्टार्टअप वेबसाइट द्वारा लॉन्च की गई है। इसे दुनिया की पहली ऐसी बीमा पॉलिसी बताया जा रहा है। इस पॉलिसी को खरीदने वाले कपल को 5 वर्षों तक एक निश्चित प्रीमियम का भुगतान करना होगा। इस दौरान अगर उनका रिश्ता सफल रहा और वे इन 5 वर्षों के अंदर शादी कर लेते हैं, तो उन्हें निवेश पर 10 गुना रिटर्न मिलेगा। वहीं अगर ब्रेकअप हो जाता है तो कपल को दर्द के अलावा कुछ भी नहीं मिलेगा। इसके साथ ही इस बीमे को सोशल मीडिया पर लोगों से अलग-अलग प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ लोगों ने कहा कि ये मजेदार और यूनीक आईडिया है और लोगों को लॉग टर्म रिलेशन को प्रोत्साहित करता है। वहीं कुछ लोगों ने इसे रिश्तों का जुआ और कमर्शियल ड्रामा बताया।

## मछली पालन कैसे बनाएं अधिक लाभकारी? विभाग ने जारी की खास एडवाइजरी

पटना। मत्स्य पालन को अधिक लाभकारी और वैज्ञानिक ढंग से संचालित करने के लिए निदेशक मत्स्य पटना , बिहार ने प्रदेश के सभी मत्स्य पालकों से अप्रैल माह में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरूआत के साथ तालाबों की साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक हो जाती है, जिससे मछलियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। मछलियों की उचित देखभाल करते हुए तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा बनाए रखने के उपाय किए जाएं, ताकि उनके विकास में कोई बाधा न आए। निदेशक ने कहा कि मछलियों के प्राकृतिक भोजन की जांच अवश्य करें। इन प्रक्रियाओं से न केवल मछलियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी। मत्स्य विभाग द्वारा समय-समय पर दिए गए इन निर्देशों का पालन करके मत्स्य पालक बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मछली पालन के लिए अप्रैल का महीना बेहद महत्वपूर्ण समय होता है। इस महीने में तापमान बढ़ने के कारण पानी की गुणवत्ता में बदलाव आता है। ऐसे में उत्पादन बढ़ाने और नुकसान से बचने के लिए मछली पालकों को पानी की गुणवत्ता, आहार प्रबंधन और रोग नियंत्रण पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत है। निदेशक ने कहा मत्स्य पालकों के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने एक एडवाइजरी भी जारी की है। इसमें कहा गया है कि अप्रैल महीने में मछली पालन के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करें। पुराने तालाबों की मरम्मत या सफाई करें और नए तालाबों का निर्माण कार्य शुरू करें। हैचरी में ग्रास कार्प मछली के बीज उत्पादन की प्रक्रिया शुरू करें।

# 48वें इंडिया कार्पेट एक्सपो के दुसरे दिन खूब निकली बिकवाली व पूछपरख

* अब 195 खरीदारों ने कराया पंजीकरण

* कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व अनिल राजभर ने कालीन मेले का अवलोकन किया तथा मेले की व्यवस्था और रंग विरंगी कालीनो की की सराहना की

* मंत्रीद्वय ने कहा कि इस कालीन मेले से कालीन उद्योग से जुड़े हर तबके के लोगों को लाभ मिलेगा



-सुरेश गांधी

वाराणसी। भारत मंडप्पन, नई दिल्ली में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित इंडिया कार्पेट एक्सपो के 48वें संस्करण के दुसरे दिन मंगलवार को खरीदारों ने खूब बिकवाली व पूछ परख की। खास यह है कि दुनिया भर से एक्सपो में लोगों में अब तक 195 विदेशी खरीदारों और 125 विदेशी खरीददारों के प्रतिनिधियों से अपनी प्रतिक्रिया दी है। इसमे मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी बेल्जियम, ब्राजील, बुल्गारिया, कनाडा, इजिप्ट, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, कजाकिस्तान, स्विट्जलैंड, ताइवान, टर्की, यूएसए, जैसे देश शामिल है। कालीन मेले के दूसरे दिन सांसद एवं राज्यसभा सदस्य अरुण कुमार सिंह, कैबिनेट मंत्री एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग, रेशम उत्पादन, कपड़ा मंत्रालय, उत्तर प्रदेश राकेश सचान व मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर ने कालीन मेले का अवलोकन किया तथा मेले की व्यवस्था और रंग विरंगी कालीनो की की सराहना की। मंत्रीद्वय ने कहा कि इस कालीन मेले से कालीन उद्योग से जुड़े हर तबके के लोगों को लाभ मिलेगा। कालीन मेले के आयोजन से कालीन उद्योग को एक नई दिशा मिलेगी। इस दौरान उन्होंने समस्त आयातकों एवं निर्यातकों को मेले की सफलता पर शुभकामनाएं भी दी।

सीईपीसी अध्यक्ष कुलदीप राज वट्टल ने बताया कि मेले में भाग लेने वाले सदस्यों से प्राप्त प्रतिक्रिया के अनुसार भागीदार तथा एक्सपो में आने वाले विदेशी खरीददारों के साथ उनकी बातचीत के अनुसार खरीदार बहुत खुश थे और अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऐसा मंच प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस कालीन मेले का उद्देश्य अत्यधिक श्रम प्रधान भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग पर ध्यान केंद्रित करना और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े लगभग 20 लाख श्रमिकों व कारीगरों विशेषकर महिलाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करना है। इंडिया कारपेट एक्सपो एशिया में सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन मेलों में से एक है, जिसमें खरीदारों के लिए एक छत के नीचे सबसे अच्छे हस्तनिर्मित कालीन, गलीचे और अन्य फर्श कवरिंग के लिए एक अनूठा मंच मिलता है। सीईपीसी अध्यक्ष कुलदीप राज वट्टल तथा प्रशासनिक समिति सदस्य अनिल कुमार सिंह, वासिफ अंसारी, असलम महबूब, इम्तियाज अहमद, रोहित गुप्ता, पियूष बरनवाल, हुसैन जफर हुसैनी, संजय गुप्ता, शेख आशिक अहमद, महावीर प्रताप शर्मा, बोधराज मल्होत्रा, मेहराज यासीन, शौकत खान तथा डाक्टर स्मिता नागरकोटी अधिशासी निदेशक एवं सचिव, सीईपीसी सहित सभी लोग इस एक्सपो से काफी प्रसन्न थे। अध्यक्ष कुलदीप राज वट्टल ने कहा कि मेले की सफलता उसमे आने वाले विदेशी आयातकों व उनके प्रतिनिधिओ द्वारा प्रतिभागी निर्यातको के साथ हुए व्यापार पर निर्भर करती है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिभागी निर्यातक मेले की दो दिनों के व्यापार से काफी खुश है और सीईपीसी अध्यक्ष ने को उम्मीद की यह मेला एक सफल मेला साबित होगा।

## मगध डिवीजन फाइनल में डीएवी कैंट गया की टीम ने मारी बाजी

गया। बिहार में शिक्षा और खेल के संगम का अद्भुत उदाहरण बन चुका मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव 2025 अब अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रहा है। मंगलवार को गया में आयोजित मगध प्रमंडलीय फाइनल में डीएवी पब्लिक स्कूल, कैंट एरिया, गया की टीम ने अपनी सूझबूझ, ज्ञान और दमदार प्रदर्शन से सबको पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में गया, नवादा, औरंगाबाद, जहानाबाद और अरवल जिलों से चुनी गई 12 बेहतरीन टीमों ने हिस्सा लिया। पहले लिखित परीक्षा और फिर मंच पर हुए रोमांचक राउंड्स में छात्रों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। अब ये टीमें राज्य स्तरीय ग्रैंड फिनाले में भाग लेंगी, जो गुरुवार को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। इससे पहले बुधवार को अंतिम प्रमंडल राउंड पटना डिवीजन के लिए एसके मेमोरियल हॉल, गांधी मैदान में आयोजित होगा।

# एयरटेल ने ब्लिंकिट के साथ की साझेदारी, ग्राहकों को सिर्फ 10 मिनट में घर पर मिल सकेंगे सिम कार्ड

मुंबई। भारती एयरटेल ने आज एक अग्रणी कदम उठाते हुए मुंबई में अपने ग्राहकों को दस मिनट के भीतर सिम कार्ड की डिलीवरी के लिए क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। किसी टेलीकॉम कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली अपनी तरह की यह पहली सेवा अब तक देश के 16 शहरों में शुरू हो चुकी हैं। आने वाले समय में इस सेवा के अंतर्गत अन्य शहरों तथा कस्बों को जोड़ने की योजना है। यह साझेदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह ग्राहकों को ₹49 के मामूली सुविधा शुल्क पर केवल 10 मिनट में उनके घर पर सिम कार्ड प्राप्त करने की सुविधा देती है। सिम कार्ड की डिलीवरी के बाद, ग्राहक आधार-आधारित केवाईसी प्रमाणीकरण के माध्यम से एक सरल एक्टिवेशन प्रक्रिया द्वारा नंबर को चालू कर सकते हैं। ग्राहकों के पास पोस्टपेड और प्रीपेड दोनों योजनाओं में से चुनने या एयरटेल नेटवर्क में पोर्ट करने के लिए एमएनपी ट्रिगर करने का विकल्प होगा। प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए, ग्राहक ऑनलाइन लिंक पर जाकर सहज एक्टिवेशन अनुभव के लिए एक्टिवेशन वीडियो भी देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐसे सभी एक्टिवेशन के लिए, एयरटेल ग्राहकों के पास एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से सहायता केंद्र तक पहुँचने का विकल्प है , यदि उन्हें किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता हो। नए ग्राहक किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर 9810012345 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं। सिम कार्ड की डिलीवरी के बाद, ग्राहकों के लिए 15 दिनों के भीतर सिम को एक्टिवेट करना अनिवार्य होगा, ताकि एक सहज और परेशानी मुक्त ट्रांज़िशन सुनिश्चित हो सके। भारती एयरटेल के कनेक्टेड होम्स के सीईओ और मार्केटिंग निदेशक सिद्धार्थ शर्मा ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, "एयरटेल में हमारे हर कार्य का लक्ष्य ग्राहकों के जीवन को सरल बनाना है। आज हम 16 शहरों में ग्राहकों के घरों में 10 मिनट की सिम कार्ड डिलीवरी के लिए ब्लिंकिट के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। आने वाले समय में हम इस साझेदारी को दूसरे शहरों में भी विस्तारित करने की योजना बना रहे हैं।" ब्लिंकिट के संस्थापक और सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने कहा, ग्राहकों का समय और उन्हें परेशानी बचाने के लिए, हमने एयरटेल के साथ मिलकर चुनिंदा शहरों में ग्राहकों को सीधे सिम कार्ड डिलीवर करने के लिए साझेदारी की है, जिसकी डिलीवरी सिर्फ. 10 मिनट में होगी। ब्लिंकिट डिलीवरी का काम देखेगी, जबकि एयरटेल ग्राहकों के लिए सेल्फ-केवाईसी पूरा करने, अपना सिम एक्टिवेट करने और प्रीपेड या पोस्टपेड प्लान में से चुनना आसान बनाने का काम करेगी।

# बिहार में बागवानी को मिलेगा बड़ा बढ़ावा, सरकार दे रही है 80 प्रतिशत तक अनुदान

पटना। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत फलदार वृक्षों की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत किसानों को आम और लीची की खेती के लिए 50 प्रतिशत तक तथा केला और पपीता के लिए 75 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इससे राज्य में बागवानी क्षेत्र का विस्तार होगा और किसानों को फलों की खेती से अधिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी माइक्रो इरिगेशन तकनीकों को अपनाने वाले किसानों को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। यह तकनीक न केवल जल उपयोग की दक्षता को बढ़ाती है, बल्कि इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी सुधार होता है। इस योजना से खेती की लागत कम होगी और अधिक लाभ प्राप्त होगा। इन दोनों योजनाओं का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं है, बल्कि किसानों की आय को दोगुना करना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना और बेरोजगार युवाओं को आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना भी है। साथ ही सरकार द्वारा बागवानी और सिंचाई तकनीकों में तकनीकी प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है ताकि किसान वैज्ञानिक तरीकों से खेती कर सकें।

उन्होंने कहा कि एकीकृत बागवानी मिशन के तहत आम और लीची की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर कुल 2 लाख रुपए की लागत आती है, जिसमें किसानों को 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। केला और पपीता की खेती में प्रति हेक्टेयर 60 हजार रुपए की लागत आती है, जिसमें किसानों को 75 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में बागवानी एक प्रभावशाली माध्यम बन सकता है। फलदार वृक्षों की खेती से किसानों को पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त होता है। बाजार में फलों की निरंतर मांग, बेहतर मूल्य और प्रसंस्करण की संभावनाएं बागवानी को आयवर्धक बनाती हैं। सरकार द्वारा अनुदान, तकनीकी प्रशिक्षण और माइक्रो इरिगेशन जैसी आधुनिक सुविधाएं किसानों को बागवानी की ओर आकर्षित कर रही हैं। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होती है, बल्कि जल-संसाधनों का संरक्षण और रोजगार सृजन भी संभव होता है। अतः बागवानी किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी बन सकती है।इन पहलों के माध्यम से बिहार को फल उत्पादन एवं निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। यह कदम किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगा।

# साहिबगंज में 4.12 लाख के जाली नोट के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने दबोचा

राची। झारखंड के साहिबगंज में रेलवे पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली नोटों की बड़ी खेप बरामद की है। साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

जानकारी के मुताबिक, रेलवे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग जाली करंसी के साथ बरहरवा स्टेशन पर पहुंच रहे है। वहीं रेलवे पुलिस ने उक्त सूचना के आलोक में कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन पर सघन छापेमारी अभियान शुरू किया। वहीं रेलवे पुलिस ने इस दौरान दो लोगों को 4 लाख 12 हजार रुपए की जाली करंसी के साथ पकड़ा। सभी नोट 500-500 रुपये के हैं। गिरफ्तार तस्करों की पहचान तीर्थ सिंह और इंद्रप्रीत सिंह के रूप में हुई है जो कि पंजाब के रहने वाले है। वहीं पुलिस पूछताछ में दोनों गिरफ्तार तस्करों ने इस धंधे में शामिल एक और शख्स का नाम बताया। जिसके बाद पुलिस द्वारा बरहरवा निवासी कालू घोष को भी गिरफ्तार किया गया। फिलहाल पुलिस तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में गहनता से जुट गई। वहीं पुलिस इस धंधे में संलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि तस्करों द्वारा जाली करंसी को अन्य राज्यों में खपाने की योजना थी।

## सांप ने युवक को 10 बार डसा...मौत के बाद भी नहीं छोड़ा, रातभर बैठा रहा शव के नीचे

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ से एक रौंगटे खड़े करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक सांप 25 साल के युवक के पीछे ऐसे पड़ा कि उसे 10 बार डसा, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हैरानी की बात तो ये है कि 10 बार डसने के बाद भी सांप युवक के शव के पास बैठा रहा। सुबह जब परिजनों ने मंजर देखा तो उनके होश उड़ गए और परिजनों में कोहराम मच गया। यह घटना जिले के बहसूमा थाना इलाके के अकबरपुर सादात गांव की है। यहां के एक निवासी अमित (25) मजदूरी करता था। शनिवार को भी काम पर गया और शाम को घर आकर हर रोज की तरह खाना खाया और अपने कमरे में जाकर सो गया। लेकिन, उसे ये नहीं पता था कि आज के बाद वह कभी नहीं उठेगा, कमरे में उसकी मौत उसका इंतजार कर रही थी। सुबह जब परिजन उसे जगाने पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। शव को हिलाने पर उसके नीचे सांप बैठा हुआ था। परिजनों ने सांप को पकड़ा और युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। उसके शरीर पर 10 निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसे सांप ने 10 बार डसा। बताया जा रहा है कि सांप उसके शव के नीचे साारी रात बैठा रहा। अमित अपने चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था और उसके 3 छोटे बच्चे हैं. इस घटना से गांव में शोक की लहर छा गई।

# माता-पिता ने नाबालिग बेटी को 5 लाख में बेचा, खरीदार ने किया रेप



कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के करारी थाना क्षेत्र में एक दलित नाबालिग किशोरी को उसके ही मां-बाप ने एटा जनपद निवासी एक व्यक्ति को पांच लाख रुपये में बेच दिया और उस व्यक्ति ने किशोरी से दो दिनों तक दुष्कर्म किया। कौशांबी के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि करारी थाना क्षेत्र की एक दलित नाबालिग किशोरी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके माता-पिता ने उसे किसी व्यक्ति को पांच लाख में बेच दिया था। जिले के करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी 13 वर्षीय दलित किशोरी ने करारी थाने में 13 अप्रैल, 2025 की शाम को दी गई तहरीर में बताया कि कमलेश पासी एटा जनपद के एक व्यक्ति को लेकर उसके घर आता था। पीड़िता ने बताया कि गत 14 मार्च को भी कमलेश पासी एटा के उस व्यक्ति को लेकर उसके घर आया था। तहरीर के मुताबिक, 14 मार्च को शाम करीब 7:00 बजे किशोरी के माता-पिता ने उसे खाना खिलाया जिसके बाद उसे नींद और चक्कर आने लगे और जब नींद खुली तो किशोरी एटा जनपद के निवासी उस व्यक्ति के घर पर थी। किशोरी ने उस व्यक्ति से पूछा कि वह यहां कैसे आ गई, तो उस व्यक्ति ने कहा, मैंने तुम्हारे मां-बाप को पांच लाख देकर तुम्हें खरीदा है।" किशोरी ने वहां से भागने की कोशिश की तो उस व्यक्ति ने उसे बंधक बना लिया और उससे दो दिनों तक जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। लेकिन किशोरी 16 मार्च को मौका पाकर रात तीन बजे दीवार फांदकर भाग निकली और किसी तरह अलीगंज स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर कौशांबी जनपद के भरवारी रेलवे स्टेशन पर उतरी। घर पहुंचने पर उसके मां-बाप ने उसे घर में घुसने नहीं दिया और कहा कि उस व्यक्ति के पास लौट जाओ क्योंकि उन्होंने उससे पांच लाख रुपये लिए हैं। इसके बाद मारपीट कर किशोरी को घर से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपने फूफा के घर गई और उन्हें सारी बात बताई। अभिषेक सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर करारी थाना में पीड़िता के माता-पिता, एटा निवासी उस व्यक्ति और करारी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति सहित चार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है।

## कैंसर पीड़ित महिला के लिए रेड क्रॉस सोसायटी राजनांदगांव ने बढ़ाया मदद का हाथ, 50 हजार रु. की सहायता राशि की प्रदान

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी शाखा राजनांदगांव संजय अग्रवाल के निदेर्शानुसार राजनांदगांव शहर की नंदई निवासी कैंसर पीड़ित ललिता यादव को 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सह सचिव रेड क्रॉस सोसायटी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि ललिता यादव घर-घर जाकर चौका बर्तन का काम करती है। उन्हें मुंह व गले में कैंसर है। संजीवनी रायपुर में इलाज चल रहा है, इनके इलाज में लगभग 5-6 लाख रूप्ए का खर्च होगा। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। साथ ही इनके तीन छोटे-छोटे बच्चे है। ललिता यादव के पति रामजी यादव लेबर व हमाली का काम करते है। रिश्तेदार, आस-पड़ोस, परंपरा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान परंपरा ग्रुप द्वारा दो लाख रुपए की सहायता दी गई है। जिससे उनका ऑपरेशन का व्यय हुआ है। आगे के इलाज के लिए कलेक्टर की अनुमति से 50 हजार रूपए की सहायता रेड क्रॉस सोसायटी से दी गई है। अन्य कोई संस्था या व्यक्ति सहयोग के लिए प्रबंधक सह जिला संगठक रेड क्रॉस सोसायटी प्रदीप शर्मा के मोबाइल नंबर 9907140009 से संपर्क कर सकते हैं।




## फरीदाबाद में अवैध निर्माण पर जमकर चला पीला पंजा, भारी पुलिस बल रहा मौके पर मौजूद

फरीदाबाद। फरीदाबाद के अरावली वन क्षेत्र में बने हुए अवैध निमार्णों को लगातार नगर निगम प्रशासन ध्वज कर रहा है जहां बीते दिनों अरावली वन क्षेत्र में कई अवैध फार्म हाउस के ऊपर पीला पंजा चला कर जमीदोज कर दिया गया था, वहीं आज बड़खल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वाली जमाई कॉलोनी में नगर निगम का तोड़फोड़ दस्ता पहुंचा। इस मौके पर कानून व्यवस्था संभालने के लिए उनके साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा ताकि किसी तरह की कानून व्यवस्था कोई बिगाड़ा न सके। लगातार नगर निगम का पीला पंजा चलता रहा और अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया गया। वहीं इस कार्रवाई को स्थानीय लोगों द्वारा नाजायज बताया गया और कहा गया कि उनका कोई भी नोटिस नहीं दिया गया और अचानक से नगर निगम आया और उनके मकान , दुकान और मस्जिद तक तोड़ दी। नगर निगम के लीगल एडवाइजर सतीश आचार्य ने बताया आज जमाई कॉलोनी में सरकारी जमीन पर अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि आज की तोड़फोड़ माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार की गई है, वहीं लोगों द्वारा आरोप लगाया गया था की मस्जिद को भी तोड़ा गया है। जिस पर उन्होंने कहा कि यह सरकारी जमीन है और उन्हें जो भी यहां पर अवैध निर्माण दिखाई दिया नियमों के अनुसार ही तोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि कोर्ट की सख्त गाइडलाइंस है कि वन क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता।

## चलती कार में लगी आग, स्कूल जा रही अध्यापिका बाल बाल बची

रूपनगर। शहर के ज्ञानी जैल सिंह नगर में आज सुबह एक चलती कार में आग लग गई। कार में सवार महिला अध्यापिका बाल-बाल बच गईं। इस संबंध में कार चला रही अध्यापिका मनजीत कौर ने बताया कि वह मलिकपुर स्कूल में पढ़ाती हैं और आज सुबह स्कूल जा रही थीं। जब वह रूपनगर से कॉलेज रोड होते हुए जा रही थी तो उसने कार से धुआं निकलता देखा। वह ज्ञानी जैल सिंह नगर स्थित पार्क के पास पहुंची। जब उसने कार से बाहर निकलकर देखा तो आग ने विकराल रूप ले लिया था और ऊंची लपटें निकलने लगी थीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन किया, जिसका कार्यालय ज्ञानी जैल सिंह नगर में स्थित है।